53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.5°c | अधिकतम 36.0°c

**अमृतवाणी**
कितना भी पकड़ लो फिसलता जरूर है, ये वक्त है, बदलता जरूर है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...
नीतीश-मोदी की जोड़ी सिर्फ कुर्सी के लिए, विकास से कोई मतलब नहीं : खड़गे



तेजस्वी यादव और राहुल की जोड़ी .... तथा अखिलेश और राहुल की जोड़ी?....

सूर्योदय - 5:46, सूर्यास्त - 6:49 | वर्ष : 53/ अंक : 109 | सोमवार, 21 अप्रैल 2025 | वैशाख, कृष्ण पक्ष, अष्टमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

# बीएसए के पास गए डीसी अब तक लापता, मामला गहराया

**मुजफ्फरनगर, 20 अप्रैल (बु.)।** शुक्रवार की शाम से गायब बेसिक शिक्षा विभाग के डीसी का रात्रि 8:30 बजे फोन ऑन हो गया। इसके बाद पुलिस ने उसकी लोकेशन निकलवाई तो मोबाइल की लोकेशन महावीर चौक के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय की मिली। फोन पर घंटी जा रही है, उसके बावजूद भी पुलिस को फोन नहीं मिल पाया। शक के आधार पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने विभाग के ही एक कर्मचारी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। आपको बता दें कि शुक्रवार की शाम डीसी विकास त्यागी बीएसए से मिलने के लिए उनके कार्यालय गए थे और तब से अब तक वापस नहीं लौटे।

इस मामले में 48 घंटे से ज्यादा बीत जाने के बाद भी डीसी विकास त्यागी का तो पता नहीं चल सका मगर मामला गंभीर ही नजर आ रहा है, क्योंकि मोबाइल की लोकेशन महावीर चौक के आसपास की है और स्वयं विकास त्यागी लापता हैं। ऐसे में परिवार द्वारा विभिन्न प्रकार के कयास लगाए जा रहे हैं और पुलिस इस बात का भी अर्थ नहीं समझ पा रही कि मोबाइल की लोकेशन महावीर चौक स्थित शौचालय के आसपास की क्यों आ रही है और मोबाइल एकाएक कैसे ऑन हो गया। पुलिस का कहना है कि मोबाइल खुलने के बाद एक व्यक्ति सार्वजनिक शौचालय के अंदर गया था उसके काफी देर बाद वह बाहर आया वहीं पुलिस ने विभाग के एक कर्मचारी को पूछताछ के लिए थाने बुलाया है।

## आखिर बीएसए ने गुड फ्राइडे छुट्टी के दिन डीसी को बुलाया क्यों था?

**मुजफ्फरनगर, 20 अप्रैल (बु.)।** शुक्रवार की शाम गुड फ्राइडे की छुट्टी के दिन बीएसए संदीप कुमार ने फोन करके डीसी को अपने पास बुलाया था, इस बात की पुष्टि तो कल ही डीसी विकास त्यागी की पत्नी ने कर दी थी मगर अभी यह बात कई सवाल खड़े कर रही है कि आखिर बीएसए ने छुट्टी के दिन ऐसे कौन से विशेष काम के लिए बुलाया था, जो उसी दिन होना जरूरी था। इस बात का जवाब शायद प्रशासन के पास हो मगर इसी बात से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। सबसे पहला सवाल यही है कि बेशक बीएसए ने किसी प्राइवेट काम से उन्हें अवकाश के दिन भी बुलाया हो मगर आखिर विकास त्यागी बीएसए से मिलकर गायब कहां हो गए या फिर बीएसए तक पहुंचे ही नहीं, पुलिस इस बात तक का जवाब किसी को नहीं दे पा रही। ऐसे में मामला तो संदिग्ध ही माना जाएगा, क्योंकि सरकारी पद पर आसीन व्यक्ति यदि 48 घंटे तक गायब है और वह अपने अधिकारी के पास उनकी कॉल पर मिलने गया है तो आखिर कौन सी हवा डीसी को उड़ा ले गयी, यह जवाब किसी के पास क्यों नहीं है।? साथ ही पुलिस द्वारा विभागीय कर्मचारी अशोक नाम का व्यक्ति आखिर क्यों बैठाया गया। अभी तक की सूचना के अनुसार तो अशोक ने तो डीसी विकास त्यागी को फोन किया ही नहीं, फोन तो विकास त्यागी




को बीएसए साहब ने किया था। बीएसए का कोई बयान अभी तक न किसी मीडिया को दिया गया और न पुलिस द्वारा यह बताया कि बीएसए का इस मामले में क्या कहना है।

## भाकियू कार्यकर्ता थाने पर धरना देने पहुंचे तो सीओ सिटी बोले जल्द खुल जाएगा मामला

**मुजफ्फरनगर, 20 अप्रैल (बु.)।** रविवार की रात मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब विकास त्यागी की बरामदगी होने को लेकर भाकियू कार्यकर्ता थाना सिविल लाइन के अंदर ही धरने पर जा बैठे। सीओ सिटी धरने की खबर सुनते ही वहां पहुंचे और सीओ सिटी राजू साव ने मीडिया को अपना बयान देते हुए कहा कि उन्होंने एक विभागीय व्यक्ति को पकड़ रखा है और माना जा रहा है कि वे जल्द ही मामले का खुलासा करने में कामयाबी हासिल कर लेंगे हालांकि सीओ सिटी ने अभी तक यह इशारा नहीं किया कि आखिर वास्तव में मामला क्या था, जो एकाएक सरकारी विभाग का कर्मी लापता पता हो जाता है और पुलिस को यह नहीं पता होता कि आखिर वह गायब क्यों हुआ? माना जा रहा है कि सोमवार को पुलिस मामले के तूल पकड़े जाने के बाद जैसे-कैसे मामले का खुलासा करती दिखाई देगी, मगर क्या खुलासे के बाद गायब डीसी विकास त्यागी वापस लौट आएंगे और लौट आए तो आखिर कब कहां और कैसे? ये सवाल अभी पूरे बीएसए विभाग और त्यागी समाज के बीच जोर-शोर से गूंज रहा है।









## बुजुर्ग से मारपीट का वीडियो वायरल

**मुजफ्फरनगर, 20 अप्रैल (बु.)।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के साकेत कॉलोनी में मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने पर पुलिस ने मामले को संगीन मानते हुए जांच की तो पाया कि कार खड़ी करने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। सीओ सिटी राजू साव ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर सम्बंधित चौकी को जांच करने के आदेश दे दिये गए हैं। जानकारी के अनुसार साकेत कॉलोनी निवासी बुजुर्ग नरेन्द्र त्यागी शनिवार रात को अपने घर पर थे। इसी बीच गाड़ी खड़ी करने के चलते कुछ दबंगों ने आवाज देकर बुजुर्ग को घर से बाहर बुलाया। आरोप है कि घर से निकलते ही दबंगों ने नरेन्द्र त्यागी के साथ मारपीट कर दी। गली में ही गुत्थम गुत्था होते हुए नरेन्द्र त्यागी को गंभीर चोटें भी लगी। हमलावर बुजुर्ग को गंभीर घायल करते हुए वहां से नौ दो ग्यारह हो गए मगर पास में ही लगी तीसरी आंख में ये नजारा पूरी तरह से कैद हो गया, जो अगले दिन रविवार की सुबह ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल होते ही तो पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने जांच में पाया कि दोनों ही पक्षों की ओर से थाने में कोई तहरीर न आने पर कार्यवाही नहीं की गयी थी। फिलहाल खबर लिखे जाने तक थाने में इस मामले से सम्बंधित कोई तहरीर न आने के कारण मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।

## जमकर हो रहे अपराध : शाम ढलने से पहले ही बाइक सवार बदमाशों ने महिला से सोने की चेन व लॉकेट लूटा

**मुजफ्फरनगर, 20 अप्रैल (बु.)।** दिन पर दिन मुजफ्फरनगर में अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। अपराधों की बढ़ोतरी के साथ-साथ लगातार पुलिस भी बदमाशों को पीतल का स्वाद चखा रही है, मगर बावजूद इसके भी बदमाश अपने कृत्यों से बाज नहीं आ रहे हैं। महावीर चौक पर जहां दिनभर पुलिस चालान काटने के लिए अलर्ट मोड़ पर रहती है, वहीं से चंद कदमों की दूरी पर जीआईसी मैदान में घूमकर वापस लौट रही जाट कॉलोनी निवासी सौरभ गर्ग की पत्नी दीपाली गर्ग शनिवार की शाम वापस लौट रही थी। तभी काले रंग की पलसर बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने दीपाली को आतंकित करते हुए गले से चेन और उसके साथ लॉकेट लूट लिया। महिला ने शोर भी मचाया मगर बदमाश भाग जाने में सफल रहे। महिला ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाशों की बाइक का नम्बर नोट कर लिया,



जिसके बाद पुलिस ने बदमाशों की तलाश भी की मगर अभी पुलिस के हाथ कुछ नहीं लग सका। एएसआई केपी सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करने के बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और दिये गए बाइक के नम्बर की तसदीक कराई जा रही है।

## काली नदी के पास बाइक सवार को ट्रैक्टर ने टक्कर मारी, मौत

**मुजफ्फरनगर, 20 अप्रैल (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के काली नदी के पास बाइक सवार युवक को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, जहां उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। युवक चरथावल थाना क्षेत्र का रहने वाला है। रविवार को चरथावल थाना क्षेत्र के गांव छिमाऊ का रहने वाला 19 वर्षीय मोनू किसी काम से काली नदी के पास से जा रहा था। दरअसल मोनू काशीराम कॉलोनी में किराये पर कमला लेकर रहता है। उसने बाइक के पीछे पंखा बांध रखा था। काली नदी के पास उसकी बाइक में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को अंजाम देने के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

## मानवता हुई शर्मसार : मृतक महिला के कान के कुण्डल चुराता वार्ड ब्वाय सीसीटीवी कैमरे में कैद

**शामली, 20 अप्रैल (बु.)।** मानवता को शर्मसार कर देने वाला एक मामला शामली जनपद का है, जहां जिला अस्पताल में मृतक महिला के शव से एक कर्मचारी कानों के कुण्डल चोरी करते हुए कैमरे में कैद हो गया, जिससे जुड़ा पूरा वीडियो तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल होते ही प्रशासन की नींद टूटी और तुरन्त सीएमएस ने आरोपी कर्मचारी के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

जानकारी के अनुसार बाबरी क्षेत्र के गांव हिरणवाड़ी निवासी 26 वर्षीय श्वेता पत्नी सचिन कुमार की शनिवार को सड़क हादसे में मौत हो गयी थी। विवाहिता के शव को जिला चिकित्सालय में लाया गया। सूचना पर पहुंची बाबरी थाने की पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजने से पहले महिला पुलिसकर्मी शरीर चोट के निशान और गहनों की जांच कर ही रही थी कि मृतक महिला के कानों से कुण्डल गायब पाये जाने पर हड़कम्प मच गया। इसके बाद इमरजेन्सी रूम की जांच कराते हुए साफ-सफाई कराई गयी तो कुछ न मिलने की स्थिति में वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गयी और पूरा मामला खुलकर सामने आ गया। कैमरे में कैद वार्ड ब्वाय विजय ने महिला के कान के कुण्डल निकाले और जब हंगामा हुआ तो उसने यह कहकर वापस कर दिये कि वह जमीन पर पड़े थे, लेकिन सीसीटीवी में कैद फुटेज देखने के बाद पुलिस ने विजय को हिरासत में ले लिया। सीएमएस डॉ. किशोर आहूजा से पुलिस ने तहरीर लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।



## बाबर ने सोनू बताकर किया हिन्दू युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण

**मुजफ्फरनगर, 20 अप्रैल (बु.)।** रविवार को हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी एक युवती को लेकर शहर कोतवाली पहुंचे, जहां युवती ने मौहल्ला लद्दावाला निवासी एक युवक पर गंभीर आरोप लगाये। हिन्दू संगठन के पदाधिकारी नरेन्द्र पंवार हरिद्वार जनपद के बहादराबाद निवासी एक युवती को लेकर शहर कोतवाली पहुंचे जहां युवती ने बताया कि उसका कचहरी में एक मुकदमा चल रहा है। दरअसल कुछ दिन पहले उसकी मुलाकात सोनू नामक एक युवक से हुई, जिसने कहा कि वह इस मुकदमें में उसकी मदद करेगा। उसकी बातों में आकर युवती मदद के नाम पर प्रेमजाल में फंस गयी। बाद में कथित सोनू ने उसे शादी करने का आश्वासन भी दिया और इसी आश्वासन पर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। बाद में असलियत खुली तो सोनू शहर कोतवाली क्षेत्र के जनाब बाबर निकले। युवती ने जब उसे अपने घर ले जाने को कहा तो वह उसे घर नहीं ले गया, बल्कि उसे ब्लैकमेल करने लगा कि उसके पास उसकी अश्लील वीडियो है। युवती का कहना है कि बाबर द्वारा उसे कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ दिया गया, जब वह बेहोश हो गयी तो उसके साथ दुष्कर्म किया गया। उसके बाद गाड़ी में डालकर उसे लद्दावाला ले आया। रात्रि में जब उसकी आंख खुली तो बाबर ने उसे अश्लील वीडियो दिखाकर शादी का झांसा दिया और कहा कि मैंने तुम्हारे साथ कुछ किया है, इस बात की जानकारी किसी को दी तो वह वीडियो वायरल कर देगा। आरोप है कि आरोपी धमकी देकर उसे फिर से मुजफ्फरनगर लाया और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं उसने मौलाना को बुलाकर कलमा भी पढ़वाया और कुछ कागजों पर हस्ताक्षर भी कराए और कहने लगा कि अब तुम्हारा मुझसे निकाह हो गया है। युवती जब होश में आई और यह पता लगा कि उक्त सोनू बाबर निवासी गोपाली थाना देवबंद है तो पीड़ित ने थाना कोतवाली पहुंचकर प्रार्थना पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की। आईपीएस राजेश गुनावत ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर जांच शुरू कर दी गयी है। फिलहाल आरोपी का मोबाइल फोन स्विच ऑफ आ रहा है।



## उत्तराखण्ड में 6 वर्ष के बच्चे को ही मिल सकेगा कक्षा 1 में प्रवेश

**उत्तराखण्ड, 20 अप्रैल (एजेंसी)।** उत्तराखंड में पहली कक्षा में आयु सीमा को लेकर बड़ा फैसला लिया है। इसके लिए निजी और सरकारी स्कूलों को निर्देश जारी किए गए है। आपको बता दें कि अब पहली कक्षा में 6 साल के बच्चे को ही दाखिला



मिलेगा। जबकि पिछले साल इसमें छूट प्रदान की गई थी। प्राप्त सूचना के मुताबिक उत्तराखंड में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिन बच्चों की उम्र 1 अप्रैल 2025 को 6 साल पूरी होगी, वही पहली कक्षा में दाखिला ले सकेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) लागू होने के बाद निजी और सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा में दाखिला की आयु 6 साल अनिवार्य की गई है। वहीं, नर्सरी में भी दाखिला के लिए बच्चे की आयु तीन वर्ष पूरी होनी चाहिए। पिछली बार इसमें छूट प्रदान की गई थी। लेकिन इस बार राष्ट्रीय शिक्षा नीति का सख्ती से पालन कराया जा रहा है।

## प्रेमी संग फरार हुई 4 बच्चों की मां को ढूंढने की लगाई गुहार

मुजफ्फरनगर, 20 अप्रैल (बु.)। नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के एक मौहल्ले में किराये पर रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर जानकारी देते हुए बताया कि वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ किराये के मकान में रहता था। मकान मालिक का साला उसकी पत्नी पर कई दिनों से गलत नजरें रखे हुए था। इस बात की शिकायत उसने अपने मकान मालिक से भी की थी मगर बात सुनने के बजाए मकान मालिक ने उसे उल्टा धमकाया। उसके बाद उसने वहां से मकान छोड़ दिया और दूसरे स्थान पर अपना कमरा ले लिया। आरोप है कि जब वह काम पर चला गया तो उसके पीछे मकान मालिक का साला घर पहुंचा और उसकी पत्नी को संग लेकर फरार हो गया। पीड़ित का कहना है कि उसके छोटे बच्चे हैं, जिसमें उनके पालन पोषण में उसे दिक्कत आ रही है। वह पुलिस से गुहार लगाता है कि किसी तरह से उसकी पत्नी को ढूंढ निकाले। नई मंडी पुलिस ने पीड़ित को आश्वासन देते हुए महिला की तलाश शुरू कर दी है।

## कार की टक्कर से ई रिक्शा चालक की मौत

**जानसठ, 20 अप्रैल (बु.)।** क्षेत्र के पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर मीरपुर थाना क्षेत्र के गांव चुड़ियाला से जानसठ क्षेत्र के गांव पिमोड़ा मौत में शामिल होने जा रहे रहे ई रिक्शा सवार पांच लोगों को कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ई-रिक्शा सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने सीएचसी जानसठ भिजवाया। जहां पर डॉक्टरों ने ई-रिक्शा चालक को मृत घोषित कर दिया। उसकी पत्नी की गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रविवार को मीरापुर थाना क्षेत्र के गांव चुड़ियाला निवासी 55 वर्षीय कामिल पुत्र नजर ई-रिक्शा चलाकर ई-रिक्शा द्वारा अपनी 50 वर्षीया पत्नी शायना, 16 वर्षीया पुत्री कहकशा, 20 वर्षीया पुत्रवधू शना और तीन वर्षीय पौत्र शबाब के साथ दोपहर लगभग एक बजे अपने घर से मौत में शामिल होने जानसठ क्षेत्र के गांव पिमौड़ा जा रहा था। जैसे ही यह लोग पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव पिमौड़ा के सामने पहुंचे और सड़क पार करने लगे, तो मुजफ्फरनगर की ओर से आ रही कार ने इनकी ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पांचों सड़क पर गिर गए। सड़क पर गिरकर सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कामिल, शायना, कहकशा, शना ओर शबाब को उपचार के लिए सीएचसी जानसठ पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने कामिल को मृत घोषित कर दिया। उसकी पत्नी शायना की गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि कामिल के शव को पीएम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना की अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर आने पर आगे की कार्यवाई की जाएगी।



## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**भोपा, 20 अप्रैल (बु.)।** शुक्रताल से मुजफ्फरनगर लौटने के दौरान जेपीसी पब्लिक स्कूल के पास अज्ञात वाहन से हुआ हादसा। देर शाम मुजफ्फरनगर शुक्रताल रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर 108 एंबुलेंस द्वारा घायल को सीएचसी भोपा लाया गया, जांच पड़ताल के बाद चिकित्सक में घायल को मृत घोषित कर दिया गया मृत व्यक्ति की पहचान सुधीर भारद्वाज निवासी कृष्णापुरी मुजफ्फरनगर के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजनों द्वारा बताया कि आज सुबह घर से माता शाकुंभरी देवी के दर्शन के लिए गए हुए थे। वापस आते शुक्रताल अपने मकान पर किसी कम से चले गए थे। लौटेते समय हादसा हो गया। अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे पत्नी व दो पुत्र छोड़ गया है।







